# मण्डला जिले में रोजगार के लिए अपार संभावनाएं- जिला पंचायत अध्यक्ष

## 'युवा संगम मेला' में 52 युवाओं को चयन

**मण्डला, देशबन्धु।** जिला प्रशासन मण्डला के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से नगरपालिका परिसर के टाऊनहॉल में रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप 'युवा संगम मेला' का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।

मेले में विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता के 98 युवाओं ने पंजीयन कराया। जिसमें कुल 6 निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार लेते हुए 52 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 5 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, सहायक संचालक बलराम यादव, अन्य पिछड़ा वर्ग के उपसंचालक दिलीप श्रीवास, आईटीआई प्राचार्य आरएस वड़कडे, जिला रोजगार कार्यालय डीके साहू, अनिल दुबे, विकास मिश्रा, भूपेन्द्र चंद्रौल, शंभु धुर्वे, कर्णसिंह धुर्वे, आनंद मरावी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

अप्रेंटिसशिप मेला 'युवा संगम मेला' को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि मण्डला जिले में रोजगार के लिए अपर संभावनाएं है। सरकार की महात्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेते हुए युवाओं अपनी रुचि और कौशल के



अनुसार सफलतापूर्वक अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे जो भी काम शुरू करें, उसे विकसित करते हुए जिले और प्रदेश में अपना परचम लहराएं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि युवा संगम के माध्यम से हर महिने 25 से 50 युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रहे है। मंच संचालन एसके शर्मा द्वारा किया गया।

# बिछिया नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2025 कार्यक्रम जारी

मण्डला, देशबन्धु। नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत भुआ बिछिया के वार्ड क्रं. 13 पार्षद पद के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रमानुसार कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया में 23 जून को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि है। 24 जून को प्रातः 10:30 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) की जाएगी। 26 जून को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम है तथा अभ्यर्थिता से नाम वापसी के ठीक बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जायेगा। 7 जुलाई को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक मतदान प्राथमिक शाला सरार टोला में होगा।

मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 10 जुलाई को प्रातः 9 बजे से कार्यालय अनु-विभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया कक्ष क्रं. 6 में किया जायेगा।

# महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा वृहद आयोजन

**मण्डला, देशबन्धु।** म.प्र.शासन उच्च षिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पी.एम.कॉलेज आफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में 21 जून 2025 को अंर्राष्ट्रीय योग दिवस ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग'' के उपलक्ष्य में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। इसके सम्बंध में प्राचार्य डॉ. अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई जिसमें गठित समिति के समन्वयक डॉ. गुलबहार खान, डॉ. संतोष गुजरे योग विशेषज्ञ, डॉ. चन्द्रभूषण गुप्त, रामकुमार चौरसिया तथा जयंत कछवाहा उपस्थित रहे।

प्राचार्य के निर्देशन में योग दिवस को वृहद स्तर पर मनाये जाने का तथा अद्वैवत जागरण युवा शिविर में अत्याधिक पंजीयन करने के लिये निर्देष दिये।

शासन निर्देशानुसार अद्वैवत जागरण युवा शिविर के आयोजन में सहभागिता हेतु 18 से 40 आयु वर्ग के जनसामान्य लोग भी ˘वदमेण्वतहण्पद पर अधिक से अधिक पंजीयन कर शिविर में भाग ले सकते हैं।

21 जून 2025 को योगाभ्यास कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी सहित भूतपूर्व छात्र तथा जनसामान्य सादर आमंत्रित हैं। महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि अधिक से अधिक संख्या में दी गई लिंक में अपना पंजीयन कराते हुए आम जन के पंजीयन कर अधिक से अधिक जागरूकता लाकर कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने में सहयोग करेंगे। 21 जून को प्रातः योग कार्यक्रम में भी अधिक से अधिक उपस्थिति देते हुए कार्यक्रम को सफलता प्रदान करें।

## सार-समाचार

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक स्थगित

**मण्डला, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की 18 जून 2025 को आयोजित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। उक्त समिति की आगामी आयोजित बैठक की सूचना पृथक से दी जावेगी।

### खामखेड़ा गांव में करंट लगने से महिला की मौत

**दमोह, देशबन्धु।** नोहटा के खामखेड़ा गांव में रहने वाली एक महिला को गंभीर हालत में उसके परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए थे, जहां डॉक्टर ने चेकअप कर मृत घोषित कर दिया है। चौकी पुलिस ने बताया कि फूलाबाई अहिरवार 50 पति पुरुषोत्तम करंट लगने से मौत होना बताया

### कौंरासा में सर्पदंश से महिला की मौत

**दमोह, देशबन्धु।** देहात थाना के कौंरासा गांव में रहने वाली एक महिला को सांप ने डस लिया। परिजन तत्काल उसे उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर आए, जहां महिला ने इलाज दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने बताया कि 40 वर्षीय अनीता पटेल पति राम प्रसाद पटेल को सांप ने डसा था। अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

### पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला में दो शिक्षकों का हुआ विदाई समारोह

**दमोह, देशबन्धु।** पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला पटेरा में पदस्थ शिक्षक सीताराम पटेल एवं अखलेश पांडेय का विदाई समारोह शाला परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बीओ मुकेश गुजरे बीआरसी दिलीप उपाध्याय उपस्थित हुए। उन्होंने शिक्षकों के जीवन में पर प्रकाश डाला एवं उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की बात कही। माधव पटेल ने विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। शिक्षक दीपक की तरह होता है जो स्वयं जलकर दूसरों को ज्ञान प्रकाशित करता है। दोनों शिक्षकों को शाला शिक्षकों ने शाल श्रीफल भेंट किया एवं फूल मालाएं पहनाई। कार्यक्रम में शाला प्रभारी राजेश कुमार जैन, हरवंश चौरसिया, माया विश्वकर्मा, नीलम जैन, पार्वती चौरसिया, रंजना भान चौरसिया, रश्मि तंतुवाय फरियाद बानो आदि शिक्षकों के साथ ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### पीएम जनमन और धरती आबा अभियान की समीक्षा बैठक 18 जून को

**डिंडोरी, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार जिले में संचालित पीएम जनमन तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु 18 जून 2025 को दोपहर 3:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जानकारी एवं अद्यतन विवरणों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा बैठक का उद्देश्य जिलास्तरीय क्रियान्वयन की समीक्षा करना, योजनाओं की प्रगति, अड़चनों एवं सुधारों पर चर्चा करना तथा कार्यों की सुसंगतता सुनिश्चित करना है। बैठक में निम्न विभागों/अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

### तूफान में क्षतिग्रस्त गुबराकला के राय वेयरहाउस की अब तक मरम्मत नहीं

**जबेरा, देशबन्धु।** विगत 30 मई 2025 को साम 4 बजे जबेरा क्षेत्र के गुबरा सिंग्रामपुर में आए आंधी तूफान के कारण ग्राम गुबराकला स्थित राय वेयरहाउस छतिग्रस्त हो गया था। जिस कारण वेयरहाउस का क्षत उड़ गया और दीवाल गिर गई थी। मौके पर उपस्थित लोगो का कहना है की वेयरहाउस के टीन शेड उड़ते हुए खेत की और गए अगर वह रोड की तरफ़ आते तो जन हानि हो सकती थी। जिसमें वेयरहाउस बिल्डिंग का लाखों का नुकसान हुआ हालाकि वेयरहाउस खाली था। किंतु इतना समय व्यतीत होने के बावजूद क्षतिग्रस्त हुए बेयर हाउस का अभी तक कोई सुधार कार्य नहीं हो सका जो बरसात में परेशानी का सबब बन सकता है।

# किशोर न्याय निधि से पोषाहार और वस्त्र के लिए राशि जारी करने की अनुशंसा

## स्कीम फॉर केयर एंड सपोर्ट टू विक्टिम से लाभान्वित करने किया जा रहा विभागीय समन्वय

**मण्डला, देशबन्धु।** माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा मंडला जिले के एक थाना में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंर्तगत पंजीकृत अपराध की पोक्सो विक्टिम के संबंध में आदेश पारित किया गया है। पोक्सो विक्टिम गर्भवती है और उसने और उसके माता-पिता ने गर्भावस्था को निरंतर जारी रखने की सहमति दी है। उस समय 29 सप्ताह से अधिक की गर्भावस्था होने के कारण माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी पर कोई निर्देश जारी नहीं किया। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर ने पोक्सो विक्टिम के सुरक्षित प्रसव और प्रसवोपरांत देखभाल के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में विक्टिम का नाम एवं पहचान की गोपनीयता बनाए रखने का आदेश भी शामिल है। आयुक्त, महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश द्वारा बाल कल्याण समिति जिला मंडला को यह प्रकरण आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। पोक्सो विक्टिम के गर्भावस्था को देखते हुए बाल कल्याण समिति जिला मंडला की तीन सदस्यीय पीठ पोक्सो विक्टिम के आवास पहुंची। बाल कल्याण समिति जिला मंडला के अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता और सदस्य श्रीमती तृप्ति शुक्ला तथा सुश्री शशि पटेल ने पोक्सो विक्टिम को स्कीम फॉर केयर एंड सपोर्ट टू विक्टिम के अंतर्गत सहायता देने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किया। बाल कल्याण समिति जिला मंडला ने पोक्सो विक्टिम को सहयोग के लिए सपोर्ट पर्सन नियुक्त किया है। किशोर न्याय निधि से पोषाहार और वस्त्र के लिए राशि जारी करने की अनुशंसा की है। बाल कल्याण समिति जिला मंडला पोक्सो विक्टिम को इस स्कीम से लाभान्वित करने के लिए अन्य स्टेकहोल्डर्स से समन्वय कर रही है।

### ग्राम बम्हनी में भूमि आवंटन के संबंध में दावा/आपत्ति 26 जून तक प्रस्तुत कर सकते हैं

मण्डला। नायब तहसीलदार वृत बम्हनी जिला मंडला ने बताया कि ग्राम बम्हनी प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. बम्हनी, तहसील व जिला मंडला स्थित भूमि ख.नं. 409/1/4 रकबा 0.3030 हेक्टेयर भूमि मछली, मुर्गा बाजार हेतु भूमि मांग आवेदन पत्र न्यायालय नायब तहसीलदार वृत बम्हनी में जांच प्रतिवेदन विचारार्थ है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि आवंटन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से 26 जून 2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्रस्तुत दावा/आपत्ति विचार योग्य नहीं होंगे।

# जनसुनवाई में पहुंचे 110 आवेदक, सीईओ जिला पंचायत ने दिए निराकरण के निर्देश



**मण्डला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिला योजना भवन में संपन्न हुई जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका समुचित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में 110 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने प्रत्येक आवेदन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए एवं आवेदन की प्रकृति के अनुसार समय सीमा निर्धारित की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में त्रुटि सुधार, आवास योजना, पेयजल, सीमांकन, वृद्धा पेंशन, ट्राई साइकिल, वाद विवाद, भुगतान आदि आवेदन प्रस्तुत किए गए।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में राशि



**मण्डला, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बरगी जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना (सम्बल) के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से लाभांवित किया गया। इसके अंतर्गत मण्डला जिले के 174 लाभार्थियों के खातों में 3.72 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित हुई। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम का जिले में सीधा सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में एनआईसी कक्ष मंडला से सम्बल योजना के हितग्राहियों ने सहभागिता की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, जिला श्रम अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# पीएचई विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों का किया गया क्लोरिनेशन कार्य

**मण्डला, देशबन्धु।** मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज भास्कर के मार्गदर्शन में जिले के अलग-अलग ग्रामों के पेयजल स्त्रोतों ट्यूबवेल, हैंडपंप, कुआं, पानी टंकी, संपवेल में सोडियम हाइपो क्लोराइड एवं ब्लीचिंग पॉवडर डालकर से क्लोरिनेशन कार्य किया गया। जिसमें ब्लॉक बिछिया के ग्राम बाघरोंडी वनग्राम, भावा माल, भावा जर में, ब्लॉक निवास के ग्राम समैया, लुहारी, रौसर, खुदरी में, ब्लॉक मोहगांव के ग्राम अमझर माल, मुंगवानी, पातादेही, बोड़ासिल्ली में ब्लॉक बीजाडांडी के ग्राम बीजाडांडी, ढुंढवा में नारायणगंज के ग्राम बीजेगाँव, खम्हरिया, कूड़ा मैली, देवरी कला, बबलिया में ब्लॉक घुघरी के ग्राम बनिया, लोधा एवं ब्लॉक नैनपुर के ग्राम धनपुरी माल, इंद्री, टिकरा टोला, मुगदरा, चिकनाही के पेयजल स्त्रोतों में दवाई डालकर शुद्धिकरण किया गया।

# मलेरिया एवं डेंगू रथ को दिखाई गई हरी झंडी



**पथरिया,देशबन्धु।** संपूर्ण प्रदेश भर में कई जगहों पर मलेरिया, डेंगू जैसी समस्याएं देखने को मिलती है। इसके एवज में सरकार द्वारा इन बीमारियों के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाते है। जिसके तहत मंगलवार को यह रैली पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दमोहए मौजूद रहे। जिला के मलेरिया अधिकारी के निर्देश अनुसार खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में यह अभियान सफल हुआ जिसमें मलेरिया एवं डेंगू रथ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया के सीबीएमओ जतिन दुबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस जागरूकता अभियान के तहत समस्त स्टाफकी सहभागिता रही एवं मलेरिया डेंगू जैसी बीमारियों पर चर्चा हुई।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजीव कालोनी मण्डला में स्थित भूखण्ड क्रमांक -270 श्रीमति आशा बाक्सर पिता/पति श्री कमलेश बाक्सर के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.09.2010 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड क्रमांक-270 श्रीमति आशा बाक्सर पिता/पति श्री कमलेश बाक्सर ने विक्रय विलेख दिनांक 16.05.2025 के माध्यम से श्रीमति शमा बानो पिता/पति श्री सैयद शाहिद अली को विक्रय किया है। श्रीमति शमा बानो पिता/पति श्री सैयद शाहिद अली के द्वारा उक्त भूखण्ड क्रमांक 270 उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ दावा मान्य नहीं होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

# मप्र शासकीय शिक्षक संगठन की बैठक आयोजित

**दमोह, देशबन्धु।** स्व. आरिफ अंजुम के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित भवन में बैठक आयोजित हुई बैठक में अध्यापक शिक्षक के हितार्थ बिंदुवार चर्चा हुई। जिस विकासखंड संकुल में अध्यापक शिक्षकों की क्रमोन्नति सभी प्रकार के एरियर्स या अन्य भुगतान लंबित हैं उसे तत्काल दिलाना इस हेतु विकासखंड स्तर पर बैठक आयोजित करने जिला से टीम पहुंचेगी और सीधा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य से संवाद होगा। हर हाल में भुगतान कराया जाएगा।

# सीईओ जनपद पंचायत ने किया खेत तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण



**मण्डला, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नैनपुर विकासखण्ड के ग्राम झिरिया में किसान राजेश आहाके के खेत में मनरेगा से नवीन खेत तालाब बनाया जा रहा है। सीईओ जनपद पंचायत श्री विनोद मरावी ने निर्माणाधीन खेत तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत के सचिव को निर्देशित किया कि खेत तालाब का निर्माण कार्य समय पर पूरा करायें। कृषक से बातचीत करते हुए सीईओ ने तालाब में सिंघाड़े की खेती तथा मत्स्य पालन के लिए प्रेरित किया। साथ ही तालाब की मेढ़ पर अरहर की फसल लगाकर अतिरिक्त आय कमाने की समझाईश दी। इस दौरान जनपद पंचायत के उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत सचिव व कृषक मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मण्डला, देशबन्धु।** ग्यारहवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम, योग सेमिनार तथा योग कार्यशालाओं के आयोजनों में स्कूल, कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, निजि शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं के साथ अध्यापक/शिक्षकगण भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिस सहित विभागों के शासकीय सेवकों तथा आम नागरिक भी कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे।

इस वर्ष ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आयोजन स्थलों पर सामूहिक योग कार्यक्रम संपन्न कराने के साथ-साथ मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के उद्बोधन कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण एनआईसी द्वारा लिंक के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वृहद कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।